जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला !

जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,
कैसे मिला बोलो कैसे मिला - २
जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,

आता नहीं वो किसी के वश में ,
सारी दुनिया उसके बस में ,
कैसे तुमने किया वश में , श्याम तुम्हें कैसे मिला,
जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,

बात बात पर रूठ जाता है ,
नखरे कितने दिखलाता है ,
कैसे रीझ गया तुमपे , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,
जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,

मना मना कर मैं तो हरी ,
फिर भी ना मना बनवारी ,
कैसे मान गया तुमसे , श्याम तुम्हें कैसे मिला,
जरा इतना बता दो राधा , श्याम तुम्हें कैसे मिला ,

अँखियो में अंखिया डाल के मेने ,
कह दिया तुम हो प्रियतम मेरे ,
फिर मान गया कान्हा , श्याम मुझे ऐसे मिला ,
सखी कैसे बताऊ तुम्हें, श्याम मुझे ऐसे मिला ,

राधे राधे

Lyrics - Jay Prakash Verma

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34105/title/jara-itna-bata-do-radha--shyam-tumhe-kaise-mila

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |